# CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS

## PRESS RELEASE

## SHRI HITENDRA MALHOTRA TOOK OVER AS THE NEW GENERAL MANAGER OF CLW

Chittaranjan, 01st Nov. 2023: Chittaranjan, 01stNov. 2023: Shri Hitendra Malhotra, an officer of the Indian Railways Service of Electrical Engineer (IRSEE) belonging to the 1987 batch, has officially taken over as the General Manager of Chittaranjan Locomotive Works (CLW) on November01,2023. Prior to this, Shri Malhotra was the Chief General Manager(Rolling Stock)/DMRC on Deputation.

Throughout his illustrious career spanning over 34 years, he has held several crucial positions over the Indian Railways in the fields of General Management as DRM, Operations and Maintenance of Electric Locomotives in WR and NR. Design Standardization and Reliability improvement at RDSO for self generating coaches.

Graduated in 1987 from University of Roorkee(Now IIT Roorkee) in Electrical Engineering.Shri Malhotra played a pivotal role in leading a multi-disciplinary team to successfully manage the operations and execute critical projects as DRM/Solapur in Central Railway. He had successfully completed 11 months training in National Defence College covering strategic thinking and international relationswith a diverse group of officers from various ministries.

The entire team at Chittaranjan Locomotive Works (CLW) is looking forward to an unparalleled progress and innovation under his leadership &guidance.

To

The News Editor

.........................

Issued by the P R deptt., CLW/Chittaranjan

चितरंजन रेल इंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका के नए महाप्रबंधक

श्री हितेंद्र मल्होत्रा ने ग्रहण किया पदभार

चित्तरंजन, 01 नवंबर 2023: भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सेवा (आईआरएसईई) के 1987 बैच के अधिकारी श्री हितेंद्र मल्होत्रा ने आज 01 नवंबर 2023 को आधिकारिक तौर पर चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) के महाप्रबंधक के रूप में पदभार संभाल लिया है। . इससे पूर्व, श्री मल्होत्रा प्रतिनियुक्ति पर मुख्य महाप्रबंधक (रोलिंग स्टॉक)/डीएमआरसी थे।

34 वर्षों से अधिक के अपने शानदार सेवा काल के दौरान,उन्होंने भारतीय रेलवे में सामान्य प्रबंधन के क्षेत्र में , डीआरएम,पश्चिम रेल और उत्तर रेल में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के संचालन और रखरखाव तथा आरडीएसओ में स्व-उत्पादक कोचों के लिए डिजाइन मानकीकरण और विश्वसनीयता में सुधार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवा प्रदान किया है।

इन्होंने 1987 में रूड़की विश्वविद्यालय (अब आईआईटी रूड़की) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। श्री मल्होत्रा ने मध्य रेलवे में डीआरएम/सोलापुर के रूप में सफलतापूर्वक प्रबंधन और महत्वपूर्ण परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए एक बहु-विषयक टीम का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के एक विविध समूह के साथ रणनीतिक सोच और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को कवर करते हुए राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में 11 महीने का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

उम्मीद है कि चित्तरंजन रेल इंजन (चिरेका) की पूरी टीम इनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में नवाचार के साथ अद्वितीय प्रगति कर एक नया मुकाम हासिल करेगी।

समाचार संपादक

.................................

जन संपर्क विभाग, चिरेका/चित्तरंजन द्वारा जारी

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS

PRESS RELEASE

BIRTH ANNIVERSARY OF DESHBANDHU CELEBRATED IN CLW

Chittaranjan, 05.11.23:- The 154th birth anniversary of Deshbandhu Chittaranjan Das, a prominent social reformer and freedom fighter, was commemorated with reverence and fervor at the Chittaranjan Locomotive Works (CLW) today. Shri Hitendra Malhotra, General Manager of CLW, led the ceremony by garlanding and offering floral tributes at the bust of Deshbandhu Chittaranjan Das, located in administrative building. Principal heads of departments, officers, supervisors, and members of CLW Women Welfare Organization also paid their respects with floral offerings.

In a fitting tribute, a striking rangoli was crafted in memory of Deshbandhu, showcasing his enduring commitment to societal welfare. Additionally, all dignitaries present paid homage by lighting candles, symbolizing the enduring legacy of Deshbandhu Chittaranjan Das.

During his address, General Manager Shri Hitendra Malhotra highlighted the extraordinary life and contributions of the eminent freedom fighter, inspiring all in attendance with his profound words.

This jubilant celebration, organized by the Department of Personnel, featured poignant welcome and closing songs performed by the talented members of CLW Cultural Organization, adding a melodic touch to the occasion.

To

The News Editor

Issued by the P R deptt., CLW/Chittaranjan

प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका में समारोह पूर्वक मनी देशबंधु चित्तरंजन दास की 154वीं जयंती

प्रेरणादायक है चित्तरंजन दास जी की जीवन यात्रा : महाप्रबंधक

चित्तरंजन,05.11.2023: चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) में आज 05 नवंबर को बहुमुखी प्रतिभा के धनी,राष्ट्र निर्माता, समाज सुधारक,शिक्षाविद, साहित्यकार,महान स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी देशबंधु चित्तरंजन दास जी की 154वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक, चिरेका द्वारा प्रशासनिक भवन प्रांगण में अवस्थित देशबंधु चितरंजन दास के प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर उपस्थित विभागों के प्रधान अध्यक्ष,अधिकारी गण, पर्यवेक्षक और चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्यों ने भी देशबंधु के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा उनकी स्मृति में खूबसूरत रंगोली सजाकर उक्त स्थल पर सभी गणमान्य उपस्थित अतिथियों द्वारा मोमबत्ती प्रज्वलित कर अपनी सम्मान व्यक्त की गई। अपने संबोधन में महाप्रबंधक महोदय ने महान सेनानी चित्तरंजन दास के यशस्वी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की चित्तरंजन दास की जीवनी से देश वासियों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। श्री दास की जीवन यात्रा संघर्ष और सफलताओं की एक मिसाल है। उनकी जीवनी हमेशा से एक आदर्श के रूप में युगों युगों तक तमाम पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी तन मन और धन के साथ राष्ट्र निर्माण के दिशा में व्यतीत कर दिए, इसलिए उन्हें देशबंधु के नाम से संसार में लोकप्रियता मिली।कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित इस जयंती समारोह के अवसर पर चिरेका सांस्कृतिक संगठन के सदस्यों द्वारा स्वागत और समापन गीत प्रस्तुत किए गए।

समाचार संपादक

..................................

जन संपर्क विभाग, चिरेका/चित्तरंजन द्वारा जारी

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS

PRESS RELEASE

STRESS MANAGEMENT COURSE BY RPF CLW

Chittaranjan,06.11.23:- In a significant step towards enhancing the well-being and resilience of its personnel, the Railway Protection Force (RPF) at Chittaranjan Locomotive Works (CLW) is collaborating with the renowned institution, Art of Living, to conduct an intensive 5-day Stress Management Course.

Scheduled to commence on November 6th, 2023, and culminating on November 10th, 2023, this comprehensive program will be conducted in two shifts to accommodate the diverse schedules of RPF officers and staff. The morning sessions will run from 06:30 hrs. to 09:30 hrs., while the evening sessions will be held from 18:30 hrs. to 21:00 hrs.

With an estimated attendance of 80 to 100 participants per session, the course promises to offer tailored strategies and techniques to effectively manage stress and promote mental well-being. This endeavor is emblematic of the commitment of Shri Birendra Kumar IG cum PCSC on belalf of RPF and CLW to prioritize the holistic welfare of their workforce.

Leading this initiative by Shri Pradeep Pathak and Shri Sunil Singh from Art of Living. This collaborative effort is a testament to the dedication of RPF and CLW towards creating a conducive and nurturing work environment.

To

The News Editor

Issued by the P R deptt., CLW/Chittaranjan

प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

# चिरेका में आरपीएफ कर्मचारियों के लिए तनाव मुक्त प्रबंधन पाठ्यक्रम का शुभारंभ

## प्रतिभागियों को मिलेगा हेल्थ फिटनेस का लाभ

चित्तरंजन,06.11.2023: कर्मचारियों को तनाव मुक्त - ऊर्जायुक्त एवं मानसिक और शारीरिक फिटनेस का लाभ प्रदान करने हेतु आरपीएफ/चिरेका के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा एक तनाव मुक्त प्रबंधन पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत श्री विरेंद्र कुमार, महा निरीक्षक सह प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल चिरेका ke  नेतृत्व मे आज 6 नवंबर को की गई। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 10 नवंबर 2023 तक जारी रहेगा। प्रातः 06/30 बजे से 09/30 बजे तक और संध्या काल 18/30 बजे से 21/00 बजे तक दो पाली में यह पाठ्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक पाली में लगभग 80 से 100 प्रतिभागी को शामिल किया जा सकेगा। यह पाठ्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ संकाय श्री प्रदीप पाठक और श्री सुनील सिंह द्वारा किया जा रहा है। उम्मीद है कि इस पाठ्यक्रम के शुभारंभ होने से कर्मचारियों, अधिकारियों और आरपीएफ जवानों को फिटनेस के क्षेत्र में लाभ पहुंचेगा।

समाचार संपादक

..................................

जन संपर्क विभाग, चिरेका/चित्तरंजन द्वारा जारी

प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका महाप्रबंधक ने किया लोको असेंबली शॉप का निरीक्षण

चित्तरंजन,07.11.2023: चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) स्थित लोको असेंबली शॉप का आज 7 नवंबर 2023 को श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक ने निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रधान अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी गण और कर्मचारी गण उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों और पर्यवेक्षकों से उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता,स्वच्छता और अन्य विषयों पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने तमाम विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

समाचार संपादक

..................................

जन संपर्क विभाग, चिरेका/चित्तरंजन द्वारा जारी

प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका में सिविल कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

सिविल कार्यों और सेवा-  सुविधा से जुड़ी महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

चित्तरंजन;17.11.2023, चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना (चिरेका) प्रशासन द्वारा सिविल कार्यों के उपायों को और भी ज्यादा बेहतरीन रूप से सुनिश्चित करने को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। 16.11.23 को आयोजित बैठक में नागरिक हित में चिरेका प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा तथा चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता श्री हितेंद्र मल्होत्रा,महाप्रबंधक चिरेका ने की। इस समीक्षा बैठक में इंजिनियरिंग विभाग के अधिकारी गण उपस्थित थे। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि टाउनशिप क्षेत्र में अधिक संख्या में मौजुद अनावश्यक जंगलों की सफाई करने के लिए विशेष रुप से व्यापक कार्य योजना बनाई जाएगी। साथ ही रेल कर्मचारी के आवासीय

छतों के रिसाव सहित क्वार्टर मरम्मत के संबंध में प्राप्त लंबित शिकायतों के निवारण पर भी गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। इसके अलावा, नागरिक कल्याण से जुड़े बेहतर उपायों को सुनिश्चित करने के लिए कार्यालयों/बाजार क्षेत्रों में शौचालयों की सफाई और बाजार क्षेत्रों में अधिक शौचालय उपलब्ध कराने के प्रावधान पर भी चर्चा की गई। विभिन्न कार्यालयों में कर्मचारियों को मॉड्यूलर फर्नीचर उपलब्ध कराने के प्रावधान पर भी विचार किया गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कर्मचारियों की फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए टाउनशिप में और अधिक ओपन जिम खोले जाएंगे। बैठक में इस बात पर विचार विमर्श किया गया कि रेल नगरी में उपलब्ध अनुकूल स्तर के क्वार्टरों के अवैध कब्जे और जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों को ध्वस्त करने के साथ मॉडल कॉलोनियों को विकसित किया जाए।

चिरेका निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का उपाय हेतु अनाधिकृत प्रवेश को प्रतिबंधित कर टाउनशिप की सीमा क्षेत्रों का नियमित और लगातार सर्वेक्षण सुनिश्चित की जाएगी।

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS

PRESS RELEASE

CLW ADMINISTRATION ENHANCES TOWNSHIP ECO-SYSTEM::

Chittaranjan,25.11.23:- The Chittaranjan Locomotive Works (CLW) administration has undertaken a series of initiatives to enhance the town-ship eco-system.

In a significant move towards environmental conservation, the "Miyawaki" forest has been developed adjacent to Horticulture campus. Developed in 8.2 acres of arid land, the "Miyawaki" forest is a testimony towards strengthening our resolve for afforestation and preservation of the environment.

'Miyawaki forest' is a step in furthering the novel concept developed by Mr. Akira Miyawaki, a Japanese botanist. The concept envisages growth of dense multilayer forest in small area. Under this project about 5000 locally found saplings have been planted & more saplings will be planted in due course of time. As per the requirements, saplings are planted in close vicinity to create multilayered forest protecting the young saplings each other and to block sunlight from reaching the ground, thus preventing, parasitic plant growth.

The plantations in the 'Miyawaki forest' is planned accordingly so that Trees grow symbiotically and 10 grow times faster than as in the normal forest.It develops its own ecosystem within 3 years. The saplings in the forest does not need maintenance beyond initial 2 years. Once it grow fully, the $Co_2$ absorption is expected to be 30 times more than normal forests.

To

The News Editor

Issued by the P R deptt., CLW/Chittaranjan

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका प्रशासन ने रेल नगरी इको-सिस्टम का किया बेहतरीन विस्तार:

चित्तरंजन: 25.11.2023; चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) प्रशासन द्वारा रेल नगरी में इको-सिस्टम को बढावा देने के लिए कई अनूठी पहल की गई हैं,जो एक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। चिरेका बागवानी परिसर के निकट "मियावाकी" वन विकसित किया गया है। 8.2 एकड़ शुष्क भूमि में विकसित, "मियावाकी वन" वनीकरण और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर मजबूत संकल्पित प्रयास किया जा रहा है। "मियावाकी वन" एक जापानी वनस्पतिशास्त्री श्री अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित नवीन अवधारणा के दिशा में महत्वपूर्ण अविष्कार है। इस सिद्धांत के तहत छोटे क्षेत्र में घने बहुस्तरीय जंगल के विकास की परिकल्पना की गई है। इस परियोजना के तहत वन में करीब 5000 यहां उपलब्ध स्थानीय पौधे लगाए गए हैं। इसके अलावा आने वाले समय में और भी ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे।

इस वन में जरूरत अनुसार पौधों को एक-दूसरे की रक्षा करने और सूरज की रोशनी को जमीन तक पहुंचने से रोकने हेतु बहुस्तरीय जंगल स्थापित करने के लिए पास-पास पौधे लगाए गए हैं।जिससे परजीवी पौधों के विकास को रोका जा सके।

'मियावाकी वन' में वृक्षारोपण की योजना इन्हीं व्यवस्था के अनुसार बनाई गई है ताकि पेड़ सहजीवी रूप से बढ़ें और सामान्य जंगल की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ें। यह जंगल की विशेषता है कि अगले तीन वर्षों के अंदर अपना स्वयं का पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करता है। जंगल में पौधों को शुरुआती 2 वर्षों के बाद अधिक रखरखाव की आवश्यकता नहीं होगी। एक बार जब यह वन पूरी तरह से विकसित हो जाएगा, तो सामान्य वनों की तुलना में 30 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड गैस अवशोषण की उम्मीद बढ़ जाएगी।